कक्षा : 8	वार्षिक परीक्षा प्रश्न पत्र		विज्ञान
दिनांक : / /2022	वार :	पूर्णांक :80	प्राप्तांक :

*सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं. सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं |

सही विकल्प का चयन कीजिए –

1. खरपतवार हटाने की प्रक्रिया कहलाती है - 1

(A) सिंचाई (B) कटाई
(C) बुआई (D) निराई

2. वायरस से होने वाला रोग है - 1

(A) क्षयरोग (B) हैजा
(C) कोरोना (D) टाइफाइड

3. निम्न में से अंडप्रजक जंतु है - 1

(A) मनुष्य (B) कुत्ता
(C) छिपकली (D) घोड़ा

4. किस माध्यम में ध्वनि का संचरण नहीं होता है - 1

(A) द्रव (B) गैस
(C) निर्वात (D) ठोस

5. निम्न में से कौनसा आतंरिक ग्रह नहीं है - 1

(A) बुध (B) शुक्र
(C) शनि (D) पृथ्वी

6. ओजोन परत क्षतिग्रस्त होने का मुख्य कारण है - 1

(A) नाइट्रोजन (B) कार्बन-डाई-ऑक्साइड
(C) क्लोरो फ्लोरो कार्बन (D) ऑक्सीजन

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न –

7. नाईलोन रेशों के कोई दो उपयोग लिखिए | 2
8. निम्न में से किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए – (a) राष्ट्रीय उद्यान (b) वन्यप्राणी अभ्यारण्य (c) पेड़-पौधे एवं जीव-जंतु 4
9. तरल घर्षण किसे कहते हैं ? 2

https://www.evidyarthi.in/

10. विद्युत् लेपित दो वस्तुओं के नाम लिखिए | 2

11. सोडियम और पोटेशियम को मिट्टी के तेल में क्यों रखा जाता है ? 2

12. आप पेट्रोल / डीजल बचाने के लिए क्या-क्या उपाय कर सकते हैं ? 2

लघूत्तरात्मक प्रश्न :

13. "कुछ सूक्ष्मजीव हमारे लिए लाभदायक हैं |" कथन को स्पष्ट कीजिए | 4

14. धातु और अधातु के भौतिक गुणों के अंतर लिखिए | 4

15. हमें कोयला कहाँ से प्राप्त होता है ? यह कैसे बनता है ? 4

16. आप एक उत्तरदायी नागरिक के रूप में प्लास्टिक का उपयोग करते समय कौनसा 5R सिद्धांत याद रखेंगे ? 4

17. वनोंमूलन के क्या दुष्परिणाम हो रहे हैं ? आप अपने स्तर पर इस दुष्परिणाम से बचने के लिए क्या उपाय करेंगे ? 4

18. आग लगाने के समय फायरमेन पानी के पाइप का उपयोग करने से पहले उस क्षेत्र की मुख्य विद्युत् आपूर्ति को बंद क्यों कर देते हैं ? 4

19. तारामंडल क्या है ? किन्हीं दो तारामंडलों को सचित्र समझाइये | 4

20. सर्पी घर्षण तथा स्थैतिक घर्षण में अंतर स्पष्ट कीजिए | 4

21. बाह्य निषेचन किसे कहते हैं ? मेंढक के अंडे से वयस्क बनने के जीवन चक्र के बारे में बताइये | 4

निबंधात्मक प्रश्न :

22. ध्वनि प्रदूषण क्या होता है ? ध्वनि प्रदूषण से होने वाली हानियाँ तथा इसे कम करने के उपाय लिखिए | 6

अथवा

भूकंप क्यों आता है ? भूकंप के समय हमें क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिए ?

23. निम्न बिन्दुओं पर टिप्पणी कीजिए – 6

(अ) ताजमहल की घटती सुन्दरता

(आ) गंगा नदी के जल में बढ़ता प्रदूषण

अथवा

कोई दो उदाहरण बताइये जिससे यह स्पष्ट होता है कि सामान आवेश एक-दूसरे को प्रतिकर्षित तथा असमान आवेश एक-दूसरे को आकर्षित करते हैं ?

24. वायु प्रदूषक किसे कहते हैं ? विश्व ऊष्णन के बारे में समझाइये | 6

अथवा

गेहूं की फसल उगाने के लिए आप कौन-कौनसी कृषि पद्धतियों की सहायता लेंगे ? सभी कृषि पद्धतियों को क्रम में लिखिए |

25. खरपतवार किसे कहते हैं ? हम अपनी फसलों की खरपतवार से कैसे सुरक्षा करेंगे ? 6

अथवा

किसी बच्चे की ध्वनि एक वयस्क व्यक्ति की ध्वनि से भिन्न क्यों होती है ? कारण सहित समझाइये तथा मानव कान का नामांकित चित्र बनाइये |

https://www.evidyarthi.in/